ए.पी.जे. संस्थानों में माता राजेश्वरी पॉल की 11वीं पुण्यतिथि पर हुए श्रद्धांजलि समारोह

माता जी को नमन करते ए.पी.जे. इंस्टीट्यूट के डायरैक्टर डा. राकेश बग्गा।

माता राजेश्वरी पॉल को श्रद्धासुमन भेंट करतीं डि. डा. नीरजा डोगरा व ए.पी.जे. कालेज के पैकल्टी सदस्य।

भजनों की प्रस्तुति देते ए.पी.जे. स्कूल तथा कॉलेज के विद्यार्थी।

जालंधर, 15 मई (वितीर): विभिन्न ए.पी.जे. संस्थानों की ओर से ए.पी.जे. शहीदेआजम सोसायटी के संस्थापक डा. वेद मामपाल जी की धर्मपत्नी राजेश्वरी पॉल की 11वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इसी संदर्भ में ए.पी.जे. कालेज ऑफ ए.पी.जे. इंस्टीट्यूट ऑफ वैटेरिनरी जिमनेजियम कैंपस में हुए कार्यक्रम में प्रिंसीपल डा. नीरजा डोगरा व डायरैक्टर डा. राकेश बग्गा ने श्रीमती राजेश्वरी पॉल को श्रद्धासुमन अर्पित करके उनकी दी हुई शिक्षाओं से प्रेरित होकर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

ए.पी.जे. स्कूल, माडल टाऊन में हुए कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों ने माता जी विषय 'ऐ राम, जग में सोभो तेरा नाम', 'श्री कृष्ण गोविन्द हरे मुरारी', अच्युतम केशवम, कृष्ण दामोदर' व 'गोविन्द दामोदरी स्वाहा मुरारी' भजनों की प्रस्तुति दी।

प्रिंसीपल मलविंदर सिंह ने कहा कि "चलती फिरती इन आंखों ने आसमान देखी है, मैंने जन्नत तो नहीं पर मां देखी है", इस सबकी मां राजेश्वरी पॉल जी को सच्ची श्रद्धांजलि यह होगी, यदि हम उनकी शिक्षाओं व मूल्यों को अपने जीवन में उतारें। इसी प्रकार ए.पी.जे. स्कूल, लोहा रोड व रामा मंडी में भी माता जी विषय प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ जिसमें सभी ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके दिखाए गए मार्ग पर चलने की शपथ भी ली। अंत में राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

Punjab Kesari 16May 2023

11:14 am ✓